Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 26-07-2005

Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title: Need to take suitable measures to check menace of wild animals in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली एवं इसके आसपास के जिलों में जंगली जानवर किसानों की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तालूक कोकावा एवं तालूका घारी में लगभग सभी किसानों की खड़ी फसल को नील गाय, कालियार एवं रोज नामक जंगली जानवरों ने पूरी तरह से नट कर दिया है। आज किसानों को अपने परिवार का लालन-पालन करने के लिए कोई भी सहारा नहीं है। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार इस प्रकार की घटनाओं पर किसी प्रकार की मदद नहीं करती है। इन फसलों के नट होने से मेरे संसदीय क्षेत्र के किसान परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। किसान लोग कई कानूनों के कारण इन जंगली जानवरों के खिलाफ कुछ भी नहीं कर सकते हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाये जायें एवं जिन किसानों की फसल नट हुयी हैं, उनको उचित मुआवजा दिया जाये।

* Treated as laid on the Table.